अमर उजाला 22/02/2026

डॉ. ज्योति ने जीती बैडमिंटन प्रतियोगिता

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में महिला शिक्षण स्टाफ के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता पीसी जोशी मेमोरियल ऑडिटोरियम में संपन्न हुई। इसमें विभिन्न विभागों की 11 शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ सह-प्राध्यापक डॉ. एसएस नैन द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता के दौरान अम्पायर की जिम्मेदारी डॉ. सुरजीत ने निभाई। प्रतियोगिता में डॉ. ज्योति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, हर्षिता लाम्बा द्वितीय स्थान पर रहीं, यशवी शर्मा ने तृतीय स्थान अर्जित किया तथा महक तलवार चतुर्थ स्थान पर रहीं। संवाद